आकाशवाणी श्री विजयपुरम

दिनांक : 21.07.2025 समय : 0705

<><><><><><><>

- संसद का मानसून सत्र कल से शुरू–आज होगी सर्वदलीय बैठक।
- केंद्रीय मंत्री मनसुख मांडविया ने युवाओं से राष्ट्र निर्माण को प्राथमिकता देने और नशामुक्त भारत अभियान में शामिल होने की अपील की।
- विज्ञान केंद्र में आज पहला मून लैंडिंग दिवस मनाया जाएगा।
- पारिस्थितिक संतुलन बनाए रखने के उद्देश्य से वन विभाग द्वारा अंडमान कॉलेज में कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

<><><><><><><>

स्वच्छ सर्वेक्षण दो हजार चौबीस–पच्चीस के नौवें संस्करण के अंतर्गत श्री विजयपुरम शहर को विशेष श्रेणी "आशाजनक स्वच्छ शहर" पुरस्कार से सम्मानित किया गया है, जिसका विषय "कम करें, पुनः उपयोग करें, पुनर्चक्रण करें" है। यह पुरस्कार श्री विजयपुरम नगरपालिका परिषद के अध्यक्ष एस. शाहुल हमीद, सचिव अजहरुद्दीन ज़हीरुद्दीन काज़ी, मुख्य सचिव के ओ एस डी विनोद कुमार यादव और नगरपालिका परिषद के अधीक्षण अभियंता एवं स्वच्छता अधिकारी ने आवास एवं शहरी कार्य मंत्री मनोहर लाल द्वारा प्राप्त किया। आवास एवं शहरी कार्य मंत्रालय द्वारा जारी सिटी रिपोर्ट कार्ड के अनुसार, श्री विजयपुरम मध्यम शहर श्रेणी में आता है और इसे बहत्तर दशमलव दो सात प्रतिशत अंक प्राप्त हुए हैं। शहर को पहली बार ओ डी एफ ++ प्रमाणन और 3–स्टार कचरा मुक्त शहर रेटिंग प्राप्त हुई है। सर्वेक्षण में कुल ग्याहर हजार एक सौ नागरिकों की प्रतिक्रियाएँ एकत्रित की गईं थी। इस वर्ष के स्वच्छ सर्वेक्षण में तीन पुरस्कार श्रेणियाँ सुपर स्वच्छ लीग शहर, राष्ट्रीय रैंकिंग और विशेष श्रेणी पुरस्कार शामिल थी। इस शहर ने राष्ट्रीय रैंकिंग में उल्लेखनीय छलांग लगाते हुए भारत के शीर्ष सौ शहरों में प्रवेश किया।

<><><><><><><>

चवालीसवें स्थापना दिवस पर नाबार्ड की ओर से प्रदर्शनी मैदान में स्वयं सहायता समूह प्रदर्शनी–सह–बिक्री मेला का आयोजन किया गया। इस अवसर पर मुख्य सचिव डॉ. चंद्र भूषण कुमार मेले में उपस्थित रहे। उन्होंने नाबार्ड के महाप्रबंधक जी संथानम और कई स्वयं सहायता समूह सदस्यों के साथ बातचीत की और उनके प्रयासों और प्रदर्शित उत्पादों की गुणवत्ता की सराहना की। उन्होंने द्वीपसमूह में

आत्मनिर्भरता और स्थायी आजीविका को बढ़ावा देने में नाबार्ड की पहल की सराहना की। कृषि सचिव पल्लवी सरकार ने कार्यक्रम का उद्‌घाटन करते हुए समावेशी विकास और ग्रामीण समुदायों के सशक्तिकरण के प्रति नाबार्ड की प्रतिबद्धता की सराहना की। भारतीय स्टेट बैंक के उप महाप्रबंधक विवेकानंद सिंह ने स्वयं सहायता समूहों के महत्व पर प्रकाश डाला। मेले में एक सौ चालीस से अधिक हस्तशिल्प और जैविक उत्पादों से लेकर ग्लूटेन–युक्त वस्तुओं और पारंपरिक खाद्य पदार्थों के स्टॉल लगाए गए थ।

<><><><><><><>

नीति आयोग के उपाध्यक्ष सुमन बेरी ने कहा है कि सतत विकास लक्ष्यों की दिशा में भारत की प्रगति सामाजिक सुरक्षा व्यवस्था और आर्थिक सुधारों का परिणाम है। नीति आयोग और संयुक्त राष्ट्र में भारत के स्थायी मिशन द्वारा न्यूयार्क में संयुक्त रूप से आयोजित कार्यक्रम के दौरान उन्होंने कहा कि वर्ष दो हजार तेरह–चौदह से दो हजार बाईस–तेईस के दौरान चौबीस करोड़ लोग गरीबी रेखा से बाहर लाए गए हैं और इस अवधि के दौरान सामाजिक सुरक्षा कवरेज दोगुने से भी अधिक बढ़ा है। श्री बेरी ने कहा कि भारत जच्चा–बच्चा मृत्यु दर और बाल मृत्यु दर में कमी का लक्ष्य दो हजार तीस की समय–सीमा से काफी पहले हासिल कर लेगा। उन्होंने यह भी कहा कि पचास प्रतिशत बिजली क्षमता गैर–जीवाश्म ईंधन से प्राप्त करने का लक्ष्य पांच वर्ष पूर्व ही हासिल कर लेना दिखाता है कि भारत अंतरराष्ट्रीय प्रतिबद्धताओं को पूरा करने के प्रति गंभीर है। पिछले महीने, सतत विकास संबंधी ताज़ा रिपोर्ट में, एक सौ सड़सठ देशों में भारत को निन्यानब्बेवां स्थान मिला था।

<><><><><><><>

महिला एवं बाल विकास विभाग ने हाल ही में साउथ प्वाइंट स्थित माध्यमिक विद्यालय में जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया। कार्यक्रम के अंतर्गत छात्राओं और शिक्षकों के लिए चौबीसों घंटे और सातों दिन टोल फ्री महिला हेल्पलाइन–एक आठ एक और चाइल्ड हेल्पलाइन एक शून्य नौ आठ के बारे में जानकारी प्रदान की गई। कार्यक्रम का उद्देश्य महिलाओं और बच्चों को ज़रूरत पड़ने पर हेल्पलाइन सहायता प्राप्त करने के लिए सशक्त बनाना था। सत्र के दौरान, महिला एवं बाल विकास नियंत्रण कक्ष के कर्मचारियों ने महिला हेल्पलाइन और चाइल्ड हेल्पलाइन के प्रमुख कार्यों के बारे में जानकारी दी। कॉल ऑपरेटरों ने टोल फ्री हेल्पलाइन नंबरों और सेवाओं के बारे में बताया। इसके अलावा, बच्चों और शिक्षकों से हेल्पलाइन नंबरों के बारे में लोगों में जागरूकता फैलाने का आग्रह किया गया। समाज कल्याण निदेशालय के अंतर्गत महिला एवं बाल विकास नियंत्रण कक्ष, वीआईपी रोड पर कार्यरत ह।

<><><><><><><>

समग्र शिक्षा के अंतर्गत पी एम श्री सीनियर सेकेण्डरी स्कूल कैम्पबेल बे में पहचान एवं मूल्यांकन शिविर का आयोजन किया जाएगा। खंड परियोजना अधिकारी की ओर से अट्‌ठाईस जुलाई को सुबह साढ़े नौ बजे से विद्यालय के विशेष आवश्यकता वाले बच्चों के लिए यह कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। इस शिविर का उद्देश्य कैंपबेल बे ब्लॉक के सभी विद्यालयों में विकलांगता वाले बच्चों की पहचान करना और पहले से पहचान किए गए विशेष आवश्यकता वाले बच्चों को सहायक उपकरण प्रदान करना है। लाभार्थियों को विकलांगता प्रमाण पत्र, यू डी आई डी कार्ड, आधार कार्ड, आय प्रमाण पत्र, दो पासपोर्ट आकार के फोटो, NIRAMAYA –स्वास्थ्य बीमा योजना के लिए राशन कार्ड जैसे आवश्यक दस्तावेज साथ लाने को कहा गया है।

<><><><><><><>

भारत, मलेरिया से बचाव के लिए स्वदेशी टीका एडफाल्सीवैक्स विकसित कर रहा है। यह टीका मच्छरों के संक्रमण से सुरक्षा प्रदान करने और इसे अन्य लोगों में फैलने से रोकने में कारगर होगा। इसे मलेरिया के लिए ज़िम्मेदार दो सबसे घातक परजीवियों– प्लाज्मोडियम और फैल्सिपारम के निदान के लिए खासतौर से विकसित किया गया है। इस टीके का विकास भारतीय आयुर्विज्ञान अनुसंधान परिषद द्वारा राष्ट्रीय प्रतिरक्षा विज्ञान संस्थान के जैव प्रौद्योगिकी विभाग के साथ मिलकर किया जा रहा है।

<><><><><><><>

समाज कल्याण निदेशालय के अंतर्गत राज्य महिला सशक्तिकरण केंद्र ने माध्यमिक विद्यालय, जंगलीघाट में लिंग संवेदीकरण पर एक जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया। इसका उद्देश्य किशोरों को लिंग और लिंग से संबंधित धारणाओं के बारे में जानकारी देना था। कार्यक्रम के दौरान, केन्द्र की लिंग विशेषज्ञ पी. दीपा लक्ष्मी ने प्रतिभागियों को बाल विवाह, लिंग और तीसरी लिंग श्रेणी में समावेशी वातावरण बनाने के उपाय के बारे में बताया। लिंग विशेषज्ञ ने भी प्रतिभागियों को दहेज अधिनियम, लिंग के प्रति धारणा और भूमिकाओं के बारे में जानकारी देते हुए शैक्षिक पाठ्यक्रमों में लिंग संवेदीकरण को शामिल करने के लिए प्रोत्साहित किया।

<><><><><><><>

विम्बर्लीगंज उप शिक्षा कार्यालय की ओर से सत्ताईस जुलाई को शाम साढ़े तीन बजे 'रन विद नेचर 2.0' मैराथन का आयोजन किया जाएगा। यह दौड़ चुन्नाभट्टा से नॉर्थ बे तक जाएगा। मैराथन में पुरुषों और छात्रों के लिए के लिए दस किलोमीटर और महिलाओं और छात्राओं के लिए पांच किलोमीटर की दौड़ शामिल है। प्रत्येक श्रेणी के विजेताओं को नकद पुरस्कार प्रदान किए जाएँगे। इच्छुक प्रतिभागी पंजीकरण के लिए पी ई टी सुरेश कुमार और अरुणेश कुमार बार से संपर्क कर सकते है।

**<><><><><><><>**